राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/प०वि०/2021/ 1306 **दिनांक : 23.11.2021**

प्राचार्य
सम्बद्ध समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय,
अलवर।

विषय :- स्नातक भाग प्रथम के परीक्षार्थियों के 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के अंक इन्द्राज करने बाबत।

संदर्भ :- राजस्थान सरकार, शिक्षा (ग्रुप-4) विभाग के पत्रांक प.3(7)/शिक्षा-4/2014 पार्ट दिनांक 11.08.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में राज्य सरकार के निर्णय एवं अकादमिक परिषद् के निर्णय के अनुसार एवं माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि स्नातक (बीए/बीएससी/बीकॉम) प्रथम वर्ष परीक्षा-2021 के पंजीकृत विद्यार्थियों के 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम घोषित कर अंकतालिका जारी की जानी है।

अतः आपको उक्त प्रयोजनार्थ निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किये जाते है :

1. स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा-2021 में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों के परीक्षा प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय वेबसाईट पर जारी कर दिये गये है। साथ ही समस्त विद्यार्थियों की सूची अनुक्रमांकानुसार महाविद्यालय पोर्टल पर उपलब्ध है।
2. पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में अर्जित अंकों का सम्पूर्ण ब्यौरा अंकतालिकाओं से अनिवार्य रूप से सत्यापित कर महाविद्यालय पोर्टल पर नियत प्रारूप में दिनांक 1012.2021 तक अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही बोर्ड का पूरा नाम स्पष्ट अंकित करें।
3. विद्यार्थियों के अंको का पूर्ण ब्यौरा सावधानीपूर्वक महाविद्यालय पोर्टल आवश्यक सत्यापन के पश्चात अपलोड करें।

महाविद्यालय स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा त्रुटि (क्योंकि इससे परीक्षा परिणाम प्रभावित होगा।) के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/प०वि०/2021/ 1307 to 1311 दिनांक : 23.11.2021

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-</u>

1. संयुक्त शासन सचिव, सामान्य प्रशासन (ग्रुप-4) राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक।
3. निजी सहायक, माननीय कुलपति महोदय।
4. सम्बन्धित परीक्षा कार्य फर्म को इस आशय के साथ कि उक्तानुसार विद्यार्थियों की सूची अनुक्रमांकानुसार महाविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक